अमर उजाला 04/09/2022

# पॉक्सो अधिनियम की दी जानकारी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट व जिला युवा विकास संगठन के सहयोग से पॉक्सो अधिनियम पर विस्तार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुंडू ने कॉलेज में आए सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत किया। अजय तिवारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुख्य वक्ता थे। इस मौके पर प्रतिनिधियों ने कॉलेज में पॉक्सो अधिनियम को लागू करने के लिए कई विधियों का सुझाव दिया। इस अवसर पर लीगल लिटरेसी सेल के विद्यार्थियों के द्वारा कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। प्राचार्य, डॉ. वीके जैन ने कहा कि कॉलेजों को एक सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है। कार्यक्रम में डॉ. सीमा कंसल, डॉ. राजेंद्रा, डॉ. रचना खन्ना, डॉ. मीनू राठी आदि मौजूद रहे। संवाद